रविवार

01 दिसम्बर 2024

- देहरादून
- वर्ष 32
- अंक 290
- पृष्ठ 8
- मूल्य ₹ 1.00

32 साल से देहरादून का विश्वास

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94 email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## एक नजर

### क्या यही है मित्र पुलिस का सत्यापन अभियान?



हमारे संवाददाता

देहरादून। राजधानी दून में मित्र पुलिस द्वारा लम्बे समय से चलाये जा रहे सत्यापन अभियान का काला सच क्या है इसकी बानगी एक बार फिर पटेलनगर क्षेत्र में सामने आयी है। यहां एक हत्या की जब जांच की जा रही है तो पता चला कि मरने वाला 16 लाख की बैक कैश वैन लूट में शामिल था वहीं हत्यारे जिन्हे कहा जा रहा है वह भी पूर्व में हत्या व डकैती की वारदात में शामिल थे जो यहां मकान किराये पर लेकर रह रहे थे।

बता दें कि राजधानी देहरादून में मित्र पुलिस द्वारा लम्बे समय से सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन यह अभियान कितने सटीक तरीके से चल रहा है इस बात का खुलासा कई प्रदेशों की पुलिस यहां कर चुकी है जब वह अपने अपने प्रदेशों के बदमाशों को यहां से गिरफ्तार कर ले जा चुकी है। कहने को तो राजधानी देहरादून में सत्यापन अभियान चल रहा है लेकिन यह अभियान सिर्फ कुछ मलिन बस्तियों तक ही सीमित है पाश कालोनियों में तो यह अभियान चलाने की बात तो बहुत दूर की है। क्योकि मित्र पुलिस को पता है कि वहां छेड़ेगें तो दिक्कत हो जायेगी। जबकि सही मायनों में बड़े बदमाश सिर्फ पाश कालोनियों में ही अपना ठिकाना बनाते है यह पूर्व में भी कई बार सामने आया है। कुछ वर्ष पहले बिहार पुलिस ने यहां देहरादून के पाश इलाके बसंत विहार क्षेत्र से एक शूटर को गिरफ्तार किया था जिस पर तकरीबन 80 मुकदमें कायम थे यही नहीं राजपुर रोड पर मुम्बई के दत्ता सांमत हत्याकांड के आरोपी भी किराये पर रहते थे जिन्हे गिरफ्तार किया गया था। यह तो कुछ भी नहीं है कश्मीर के आंतकवादियों को भी देहरादून से गिरफ्तार किया जा चुका है। यह सब अपराधी यहां बिना सत्यापन के रहा रहे थे फिर भी दून पुलिस का कागजों में सत्यापन अभियान जारी है।

**❑राजधानी में रह रहे है कई चोर, लुटेरे और हत्यारे मकान किराये पर लेकर**

# राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के पदक विजेताओं को भी मिलेगा खेल आरक्षण का लाभः मुख्यमंत्री




## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया खेल महाकुंभ की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के पदक विजेता खिलाड़ियों को भी सीधी भर्ती के पदों पर अन्य खिलाड़ियों की तरह चार प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जाएगा।

आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के पदक विजेता खिलाड़ियों को भी सीधी भर्ती के पदों पर अन्य खिलाड़ियों की तरह चार प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। साथ ही खेल महाकुंभ में जनपद स्तर पर प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को भी स्पोर्ट्स किट प्रदान की जाएगी। युवा कल्याण निदेशालय में खेल महाकुंभ - 2024 की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उक्त घोषणाएं की हैं। उन्होंने इस अवसर पर डेफ ओलंपिक में स्कीइंग प्रतिभाग करने वाली खिलाड़ी अमीषा चौहान को 50 लाख की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया। एथलेटिक्स में 27वीं नेशनल फेडरेशन में स्वर्ण पदक जीतने वाली सोनिया को 02 लाख और 22वें नेशनल फेडरेशन जूनियर में राहुल सरनालिया को स्वर्ण पदक जीतने पर 01 लाख रुपए का प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल महाकुंभ विशिष्ट आयोजन है। इसमें खिलाड़ियों को ग्राम पंचायत से लेकर ब्लॉक, जनपद होते हुए, राज्य स्तर तक प्रतिभा प्रदर्शन का मौका मिलता है। इससे राज्य में

▶▶ शेष पृष्ठ 8 पर



# अन्तर्जनपदीय प्रतियोगिता में टिहरी पुलिस ने किए दो स्वर्ण पदक अपने नाम

संवाददाता

टिहरी। 22वीं प्रादेशिक अन्तर्जनपदीय वाहिनी वैज्ञानिक अनुसंधान फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, एन्टी सबोटाज कंप्यूटर एवं स्वान प्रतियोगिता में टिहरी पुलिस ने दो स्वर्ण पदक जीते। जनपद हरिद्वार (पुलिस लाइन) में 27 नवम्बर 24 से 29 नवम्बर तक आयोजित 22वीं प्रादेशिक अन्तर्जनपदीय/ वाहिनी वैज्ञानिक अनुसंधान, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, एन्टी सबोटाज कंप्यूटर एवं स्वान प्रतियोगिता 2024 में, आयुष अग्रवाल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टिहरी गढ़वाल के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में टिहरी गढ़वाल के खिलाड़ियों द्वारा वैज्ञानिक अनुसंधान प्रतियोगिता के अलग-अलग इवेंट में कुल 02 गोल्ड मेडल अर्जित कर उच्च कोटि का प्रदर्शन किया गया, जो फिंगरप्रिंट निरीक्षक सदानन्द पोखरियाल(गोल्ड मेडल), लॉ एंड एक्ट उपनिरीक्षक जोगेन्द्र यादव (गोल्ड मेडल) जीते।

# मोटरसाईकिल चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने कोर्ट के बाहर से मोटरसाईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिपुर ढकरानी निवासी रविकुमार विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से ढकरानी कोर्ट में गया था। उसने अपनी मोटरसाईकिल सिविल कोर्ट ढकरानी के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार दो की मौत

संवाददाता

देहरादून। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार दो लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजनौर निवासी विशाल व दलतविन्दर सिंह मोटरसाईकिल से दून की तरफ आ रहे थे। जब वह तीन पानी पुलिया के पास फ्लाई ओवर पर पहुंचे तो सामने से जा रहे अज्ञात वाहन चालक के द्वारा वाहन को अचानक ब्रेक लगाने से दोनों की उक्त वाहन से टक्कर हो गयी जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मृतक की मां की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# खनन से भरे ट्रेक्टर का चालान करने पर की मारपीट, मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। खनन से भरे ट्रेक्टर का चालान करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कैलाश रिवर बैड मिलरस के फ्लांइग इंचार्ज शिवनाथ सिंह ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि अवैध खनन सामग्री से भरे ट्रेक्टर का चालान कम्पनी कैलाश रिवर बेड मिलरल की फ्लाइंग टीम द्वारा किया गया। जो कि ट्रेक्टर मालिक का कहना है कि यह चालान खनन कम्पनी ही भरेगी या फिर फ्लाइंग टीम भरेगी जब फ्लाइंग टीम ने इसका विरोध किया तो वह कॉल पर गाली गलोच व अभद्र व्यवहार करने लगा और जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके पश्चात जब वह रास्ते में सुभारती अस्पताल की तरफ जा रहे थे तो मनोज शर्मा व शत्रुघ्न नाम की व्यक्ति केरेटा कार से आये और कार से उतरते ही दोनो ने पहले उसके साथ गाली गलोच की व उसके साथ धक्का मुक्की करते हुऐ मनोज शर्मा ने उसके गाल पर थप्पड़ मारा। ट्रेक्टर मालिक का नाम मनोज शर्मा है। जो पोंधा निवासी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# उत्तराखण्ड में फिल्मों की शूटिंग के लिए तेजी से रुझान बढ़ रहा है : प्रकाश झा

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रविवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता एवं प्रसिद्ध फिल्म निर्माता-निर्देशक प्रकाश झा ने भेंट की। उन्होंने उत्तराखण्ड में फिल्मांकन के लिए इच्छा जाहिर की। श्री प्रकाश झा ने कहा कि फिल्म जगत के लोगों का उत्तराखण्ड में फिल्मों की शूटिंग के लिए तेजी से रूझान बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फिल्म निर्माता-निर्देशक श्री प्रकाश झा का स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें राज्य में फिल्मांकन के लिए हर संभव सहयोग दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में फिल्मों की शूटिंग के लिए अनेक डेस्टिनेशन हैं। उत्तराखंड में नई फिल्म नीति-2024 बनाई गई है। फिल्मों की शूटिंग के लिए सिंगल विंडो सिस्टम से अनुमति प्रदान की जा रही है। हिन्दी एवं संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल भाषाओं की फिल्मों को अनुदान राशि



❑राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता एवं प्रसिद्ध फिल्म निर्माता-निर्देशक प्रकाश झा ने सीएम धामी से की भेंट

राज्य में व्यय कुल धनराशि का 30 प्रतिशत या अधिकतम 03 करोड़ का अनुदान दिया जा रहा है। विदेशी फिल्मों और 50 करोड़ से अधिक बजट की फिल्मों पर राज्य में व्यय राशि का 30 प्रतिशत या अधिकतम 03 करोड़ तक का अनुदान दिया जा रहा है। राज्य में फिल्मों को बढ़ावा देकर पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है।

इस अवसर उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के सीईओ एवं महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी भी उपस्थित थे।

# निकाय चुनाव कराने से डर रही है बीजेपीः आप

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। आम आदमी पार्टी (आप) महानगर देहरादून ने नगर निकाय चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सरकार पर तीखा हमला बोला। रविवार को राजपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में महानगर उपाध्यक्ष जितेंद्र पंत ने कहा कि सरकार जानबूझकर चुनाव नहीं करा रही है ताकि जनता की आवाज को दबाया जा सके।



उन्होंने कहा, सरकार की इस देरी की वजह से आम जनता परेशान है। उनके कार्य अटके हुए हैं और उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। पहले लोग पार्षदों के माध्यम से अपनी शिकायतें दर्ज कराते थे, लेकिन अब नगर निकाय का कार्यकाल खत्म होने के बाद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है।

पंत ने बताया कि पार्टी के सदस्य लगातार दून के 100 वार्डों में जाकर जनता से मुलाकात कर रहे हैं। हर जगह लोगों का यही कहना है कि उनकी आवाज को नजरअंदाज किया जा रहा है और समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। उन्होंने सरकार पर लोकतांत्रिक विफलता का आरोप लगाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाएगी और सत्तारूढ़ दल का असली चेहरा जनता के सामने लाएगी।

इस कार्यक्रम में पार्टी के महानगर अध्यक्ष शरद जैन, उपाध्यक्ष चौधरी रविंदर, वीर सिंह, उषा शर्मा, संजय छेत्री, ताराचंद डंगवाल, सुधीर पंत, मुकुल बिडला, सुशील सैनी समेत कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान लोगों ने क्षेत्रीय समस्याओं को उजागर किया और आप नेताओं ने उन्हें विश्वास दिलाया कि पार्टी उनकी आवाज बनकर सरकार से जवाब मांगने का काम करेगी।

# केदारनाथा यात्रा के लिए हेली टिकट बुक कराने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

रूद्रप्रयाग। वर्ष 2022 की श्री केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान हैलीकॉप्टर का टिकट दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर ढाई हजार का ईनाम था जिसके दो साथियों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

जानकारी के अनुसार मई 2022 में परीक्षित शारदा पुत्र डॉ. जितेन्द्र शारदा निवासी पंजेहरा, तहसील नालागढ़, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश ने साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत की गयी थी कि उनके द्वारा दिनांक 7 मई 2022 को श्री केदारनाथ धाम यात्रा के लिए आनलाइन हैलीकॉप्टर टिकट बुक किये गये, 12 लोगों हेतु टिकट बुकिंग के लिए टिकट व जीएसटी सहित कुल 1 लाख 12 हजार रुपये लिये गये। इनके



द्वारा सारा भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया गया। तत्समय इनको किसी भी प्रकार के हैली टिकट उपलब्ध नहीं हो पाये और न ही इनकी धनराशि वापस की गयी। वर्ष 2022 में ही इस प्रकरण में थाना गुप्तकाशी पर ठगी का मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू की गयी। जांच में 3 आरोपी प्रकाश में आये थे, जिनमे से 2 आरोपियों को माह अगस्त 2022 में ही गिरफ्तार कर लिया था, परन्तु इनमें से तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी हेतु निरन्तर प्रयास किये गये परन्तु शातिर किस्म के इस आरोपी द्वारा निरन्तर अपने ठिकाने बदले गये। समय-समय पर पुलिस के स्तर से इस आरोपी के विरुद्ध ईनाम भी घोषित किये गये। वर्तमान समय में इस आरोपी पर 2500 का ईनाम घोषित था।

एसपी रुद्रप्रयाग के निर्देशन में पुन: वांछित व ईनामी आरोपी की धरपकड़ हेतु सटीक योजना व सर्विलांस की सहायता से टीमों को रवाना किया गया तथा इस मुकदमें से सम्बन्धित तीसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हाथ लगी है। जिसका नाम गुड्डू कुमार पुत्र चंद्रभूषण निवासी ग्राम नारंगा थाना मराची जिला पटना बिहार हाल मिल्क मैन कॉलोनी गली नंबर 10 थाना शास्त्री नगर जोधपुर राजस्थान बताया जा रहा है। बहरहाल पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



# देवभूमि को लैंड जिहाद से मुक्त करना हैः टी राजा

उत्तरकाशी (कासं)। रामलीला मैदान में हिन्दू महापंचायत को संबोधित करते हुए हिंदूवादी नेता टी राजा ने कहा कि देवभूमि को लैंड जिहाद से मुक्त करना है। कहा जिस प्रकार से उत्तरकाशी के हिन्दू संगठन संघर्ष कर रहे है ये भारत देश का हिन्दू आप लोगों से लैंड जिहादियों को सबक सिखाना सीख रहे हैं। टी राजा ने कहा कि मैं तो उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को कहने आया हूं की आप उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चाय पर चर्चा कर उत्तराखंड में भी कुछ बुलडोजर खदेड़ा जाय। मुख्यमंत्री जी एक करोड़ हिन्दूओं की भावनाओं को समझे करोड़ो हिन्दू आप के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि जब बड़े संघर्ष के बाद सन 2000 में उत्तराखंड राज्य उत्तर प्रदेश से पृथक हुआ था तब यहां समुदाय विशेष की जनसंख्या एक प्रतिशत थी और 24 वर्षों में 25 प्रतिशत हो गई।

उन्होंने कहा कि इतिहास में यदि कोई सबसे बड़ा तीर्थ धाम है देवभूमि उत्तराखंड है यहां चारधाम है। लेकिन कुछ वोट के भिखारी ने रोहिंग्या मुसलमान एवं बांग्लादेशी मुसलमानों को बसा कर उत्तराखंड जैसे पवित्र तीर्थ धाम को लैंड जिहाद, लव जिहाद से पवित्र करने का काम किया है।

रामलीला मैदान में आयोजित इस महापंचायत के जरिये हिंदू संगठन कथित लव जिहाद, लैंड जिहाद, अवैध अतिक्रमण और बाहरी राज्यों से आए लोगों के खिलाफ जांच की मांग की जा रही है। महापंचायत के दौरान गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं उन्होंने कहा हमारी सरकार लैंड जिहाद और लब जिहाद के पर कड़े कदम उठाए हैं और आगे भी जारी रहेगा।

# त्रिवेंद्र सिंह पवार की याद में देहरादून में होगी 6 दिसंबर को श्रद्धांजलि सभा

अल्मोड़ा(आरएनएस)। चिन्हित राज्य आंदोलनकारी सैनिक समिति के केंद्रीय प्रवक्ता नारायण सिंह ने कहा कि राज्य आंदोलन के शीर्ष नेता स्वर्गीय त्रिवेंद्र सिंह पवार की याद में आगामी 6 दिसंबर को देहरादून शहीद स्मारक में समिति सर्वदलीय सभा का आयोजन करेगी।

उन्होंने बताया कि समिति के केद्रीय मुख्य संरक्षक धीरेंद्र प्रताप के संयोजन में इस सभा में कांग्रेस अध्यक्ष करन माहराए पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारीए तीरथ सिंह रावतए हरीश रावतए त्रिवेंद्र सिंह रावतए भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्टए पूर्व गृहमंत्री प्रीतम सिंह आदि समेत तमाम नेताओं को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि त्रिवेंद्र सिंह पवार का राज्य आंदोलन में विशेष योगदान है और उनके इस योगदान को कई बुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने त्रिवेंद्र सिंह पवार की याद में एक सड़क मार्ग का नामकरण तत्काल घोषित किया जानाए उनकी स्मृति को बनाए रखने के लिए आवश्यक बताया और साथ ही छिदरवाला में उनकी एक आदम कद मूर्ति लगाई जाने की भी मांग की उन्होंने राज्य आंदोलनकारी की पेंशन भी 15००० किए जाने की मांग की।

# नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक आयोजित

अल्मोड़ा (आरएनएस)। नगर निगम चुनाव के संबंध में भाजपा की विशेष बैठक नंदा देवी गीता भवन में आहूत की गई। बैठक में आगामी नगर निकाय चुनावों को लेकर चर्चा हुई।

बैठक में सभी पार्टी पदाधिकारियोंए कार्यकर्ताओं, शक्तिकेंद्र संयोजकए बूथों के अध्यक्ष एवं समस्त नगर निगम के दावेदारों ने बैठक में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अमित साह ने व संचालन महामंत्री अर्जुन बिष्ट ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष रमेश बहुगुणा ने सभी वार्डों से आए नामों पर सलाह मशवरा कर पार्षद चुनाव की तैयारियां को लेकर भी सभी से चर्चा की। पूर्व विधायक कैलाश शर्मा ने सभी को चुनाव में तैयारियां को लेकर जानकारी ली। पूर्व विधायक कैलाश शर्मा ने सभी लोगों से एकजुट होकर नगर निगम चुनाव में भारी संख्या में ४० वार्डों से जीतने का संकल्प लेने को कहा। कार्यक्रम का समापन नगर अध्यक्ष अमित साह मोनू ने सभी पदाधिकारियोंए पार्षदों के प्रत्याशियों का धन्यवाद अदा करते हुए सभी प्रत्याशियों को चुनाव में जी जान से लगने को कहा और सभी को शुभकामनाएं दी। बैठक में सभी 4० वार्डों के प्रत्याशी उपस्थित थे।

# खलंगा मेला पूर्वजों की वीरता और अदम्य साहस को स्मरण करने का अवसर हैः धामी

## ❑सीएम धामी ने '50वाँ खलंगा मेला' में प्रतिभाग किया

कार्यालय संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को सागरताल नालापानी, देहरादून में बलभद्र खलंगा विकास समिति द्वारा आयोजित '50वाँ खलंगा मेला' में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खलंगा मेला आयोजन समिति को 5 लाख रुपए दिए जाने की घोषणा की। 50वाँ खलंगा मेला स्मारिका का विमोचन भी मुख्यमंत्री द्वारा किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि खलंगा मेला पूर्वजों की वीरता और अदम्य साहस को स्मरण करने का अवसर है। उन्होंने महान सपूत सेनानायक कुंवर बलभद्र थापा और उनके वीर साथियों, वीरांगनाओं को भी नमन किया। उन्होंने कहा खलंगा की वीरभूमि में वर्ष 1814 के एंग्लो-गोरखा युद्ध में सेनानायक कुंवर बलभद्र थापा और उनके वीर सैनिकों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। इस युद्ध में कुंवर बलभद्र थापा और उनके वीर सैनिकों ने ब्रिटिश सैनिकों की विशाल सेना का सामना करते हुए अपनी वीरता और रणनीतिक कौशल से ब्रिटिश सेना को खदेड़ दिया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये युद्ध हमारे वीर गोरखा योद्धाओं के अदम्य साहस और मातृभूमि के प्रति उनके असीम प्रेम का प्रतीक है, जो हमेशा हमें देशभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा। खलंगा की गाथा हमारे वीर पूर्वजों के अप्रतिम साहस का एवं हमारी गौरवशाली विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा ये मेला हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजते हुए उसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का भी एक माध्यम है। हमारे देश की ऐतिहासिक धरोहरें हमारे गौरवमयी अतीत की पहचान होने के साथ हमारे संस्कृति रूपी वट वृक्ष की मजबूत जड़ें भी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी संस्कृति को मजबूत करने का कार्य पूरे देश में किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विकास के साथ विरासत को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। खलंगा युद्ध स्मारक को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संरक्षण में रखना, इसका बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा राज्य सरकार गोरखा समाज के उत्थान के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है और उनके विकास व कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। निश्चित ही ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को इन गोरखा समाज की परंपराओं को संजोए रखने तथा अपने पूर्वजों की वीरता और बलिदान को याद रखने में सहायक सिद्ध होंगे।

इस अवसर पर विधायक उमेश शर्मा काऊ, बलभद्र खलंगा विकास समिति के अध्यक्ष कर्नल विक्रम सिंह थापा, कुलदीप बुटोला, विश्वास डाबर, विजय बलूनी, पदम सिंह, ब्रिगेडियर राम सिंह थापा एंव लोग मौजूद रहे।

# 'सनातन जनजागरण पदयात्रा' में सनातनियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया



कार्यालय संवाददाता

देहरादून। संस्कार परिवार देहरादून द्वारा सनातन जनजागरण पदयात्रा आज प्रातः पौराणिक श्री टपकेश्वर महादेव और माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर महादेव देहरादून में विशेष पूजा अर्चना के साथ सनातन धर्म के जयघोष के साथ आध्यत्मिक गुरु आचार्य डा0 बिपिन जोशी के पावन सानिध्य में श्री धोलेश्वर महादेव मंदिर ग्राम धोलास, माडू सिद्ध मंदिर, बालाजी मंदिर झांझरा, मानक सिद्ध मंदिर, होते हुए सनातन धर्म मंदिर प्रेमनगर पहुंची।

सनातन धर्मसभा में अभियान संयोजक आचार्य डॉ0 बिपिन जोशी ने कहा जाति संप्रदायों, अलग अलग रीति रिवाजों में बटे हिन्दू समुदाय को सनातन के बैनर तले एक मंच पर आना ही होगा। आचार्य ने सनातन धर्मालंबियों का आह्वान किया अपने बच्चो को बंगले मोटर कार नहीं बल्कि पहले संस्कार दीजिए। परम्पराओं, रीति रिवाजों से जोड़े रखें। प्रेम नगर बाजार में भव्य सनातन जनजागरण पदयात्रा के माध्यम से जनजागरण अभियान चलाया गया जिसमें सनातनियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया उसके बाद यात्रा लक्ष्मण सिद्ध मंदिर और कालू सिद्ध मंदिर होते हुए पौराणिक श्री टपकेश्वर महादेव मंदिर वापस लौटेगी।

कार्यक्रम में श्री टपकेश्वर महादेव मंदिर, माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर,सनातन मंदिर समिति प्रेम नगर, श्री धोलेश्वर महादेव मंदिर, माडू सिद्ध मंदिर समिति, बालाजी मंदिर समिति, मानक सिद्ध मंदिर समिति, लक्ष्मण सिद्ध मंदिर समिति, कालू सिद्ध मंदिर समिति, श्री महाकाल सेवा समिति, महिला भजन कीर्तन मंडलियों सहित अन्य धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं का विशेष सहयोग रहा, कार्यक्रम संयोजक आचार्य डॉ0 बिपिन जोशी, उत्तराखंड सरकार में राज्यमंत्री मधु भट्ट, डा मथुरा दत्त जोशी, भगवती जोशी, गुलशन मालिक ,गीता जोशी, श्री महाकाल सेवा समिति के अध्यक्ष रोशन राणा, विनय प्रजापति,जितेंद्र मालिक, पार्षद राकेश पंडित, संजीव शर्मा, एडवोकेट तनुज जोशी, ममता नागर, राजू कश्यप, ऋषिपाल, हिमांशु साहा आदि का विशेष सहयोग रहा। चारों सिद्धों, टपकेश्वर महादेव,धोलेश्वर महादेव में चढ़ाया गया गोमुख का पवित्र गंगाजल। चार सिद्धों को देहरादून के चार धाम के रूप में मान्यता की आचार्य डा0 बिपिन जोशी ने सरकार से मांग की है, साथ ही कालू सिद्ध और लक्ष्मण सिद्ध की तर्ज पर माडू सिद्ध और मानक सिद्ध में भी भव्य स्वागत द्वार बनाने का अनुरोध किया है।

# सरलता का नजरिया

अभिषेक ओझा

बचपन में किसी बात पर किसी को कहते सुना था- 'अभी ये तुम्हारी समझ में नहीं आएगा। ये बात तब समझोगे जब एक बार खुद पीठिका पर बैठ जाओगे।' पीठिका शब्द किस संदर्भ में आया था वो भी याद नहीं। ऐसी कई बातें होती हैं, जिनकी वास्तविक समझ बिना अनुभव नहीं हो पाती। ऐसी ही एक बात है परीक्षा में किसी को नकल करते हुए देखना। जब तक आप विद्यार्थी होते हैं ऐसा लगता है कि कोई थोड़ी-सी नकल कर ही ले तो कौन-सी दुनिया इधर की उधर हो जाएगी। पता नहीं क्यों इस बात पर प्रोफेसर हलकान होते हैं? यदि समस्या को गणितीय रूप दे कर कह दिया जाए-'सरल करें' तो गणित का आदमी कर ही देगा। जिन्होंने बचपन में गणित हिंदी माध्यम से पढ़ा हो वो 'सरल करें' का अर्थ समझ गए होंगे।

हमारे एक गणित के शिक्षक कहा करते-सरल करने को कहा गया था तुम लोग सड़-ल कर दिए हो। हम पढ़ाते भी मशीनी लर्निंग हैं तो हमने सोचा मशीन लर्निंग से ही पता लगाया जाये कि किसके असाइनमेंट में कितना प्रतिशत किसके असाइनमेंट से चोरी है। वैसे हर अच्छी बात की तरह डेटा एनलिसिस के नाम पर भी लोग कुछ भी करने लगे हैं। तीन लोगों से पूछ कर लोग डेटा एनलिसिस कर उसमें पैटर्न भी निकाल देते हैं! जैसे 'गीता में लिखा है' कह कर लोग कुछ भी अंट-शंट कह देते हैं वैसे ही आजकल डेटा एनलिसिस के नाम पर भी लोग कुछ भी कर देते हैं।

एक समझदारी वाला काम इस्राइल ने किया है कि विश्वविद्यालयों में स्नातक स्तर में किसी का विषय कुछ भी हो, अब एक विषय सांख्यिकी का जरूर पढ़ाते हैं। हमारे यहां फैक्टफुलनेस और एनलाइटनमेन्ट नाउ जैसी पुस्तकें लिखी-पढ़ी नहीं जातीं। उन पुस्तकों को पढ़िए यदि आपको दुनिया के परिवर्तन का यथार्थ समझना है तो। पिछले दिनों मैं गांव गया था और एक दिन सुबह दूध लाने गया तो देखा कि एक बच्चा फोन पर वही कार्टून/राइम देख रहा है जो दुनिया के सबसे बड़ी कम्पनियों के सीईओ के बच्चे भी देखते हैं- वही यूट्यूब। असमानता, समाजवाद, और दु:ख पर भारी-भरकम लिखने (रोने) वाले दु:ख का धंधा करते रह जाएंगे और दुनिया उनकी परवाह किए बिना बदलती रहेगी। जो रोना रोते हैं कि दुनिया बड़ी खराब होती जा रही है उन्हें पन्ने काले करने दीजिए - उनका धंधा है। आप अपना काम मन से कीजिए। सरल कर के दुनिया को देखिए। खुश रहिए।

# अकथ कथा ऑनलाइन प्रेम की

शमीम शर्मा

गलियों-बाजारों, चौराहों-चौबारों अथवा खेत-खलिहानों में खड़े होकर लड़कियों पर लाइन मारने के अनेकानेक किस्से हैं। इन किस्सों पर आधारित असंख्य कहानियां, उपन्यास और फिल्में हैं पर आजकल लाइन मारने का काम भी ऑनलाइन होने लग गया है। लगता है कि प्रेम की अभिव्यक्ति की प्राचीन भारतीय कला विलुप्त होने को है। प्रेम की डोर के पुराने तन्तु झीने होकर इतने घिस चुके हैं कि उनके अस्तित्व का ही सफाया होने को है। फेसबुक, स्काइप, ट्विटर अथवा व्हाटसएप पर लोगों के अकाउंट खुले हुए हैं जहां से मोहब्बत का लेन-देन होता है। इस प्रणय व्यापार में चोरी के शेर, जोक्स और फोटो की कट एंड पेस्ट तकनीक क्रियाशील है। व्यक्ति की जगह प्रेमी-प्रेमिका के छायाचित्र ही होते हैं। छाया से ही बतियाते हुए दोनों प्रेमालाप करते हुए खो जाते हैं। पर सच्चाई यह है कि जीवन में सम्बन्धों और दोस्ती के सारे खाते बन्द हैं। लगता है वास्तविक लाइफ में प्रेम का कोई लिंक बचा ही नहीं है। कई बार तो छह फुट के बैड पर अलग-अलग कोनों में घर के चार व्यक्ति एक-दूसरे को घूरते हुए अपने-अपने मोबाइल की स्क्रीन पर चार वीरों की तरह झुके रहते हैं। यानी चार व्यक्तियों में मीलों की दूरी। रहीम अथवा कबीर आज के युग में होते तो यही कहते-रहिमन खाता प्रेम का मत तोड़ो चटकाय या कबीर यह घर ऑनलाइन प्रेम का, खाला का घर नाहिं।कहा तो यही जाता है कि प्रेम की कहानी को कोई आज तक पूरी तरह से बयां नहीं कर पाया है। कबीर को भी कहना पड़ा-अकथ कहानी प्रेम की कछु कही ना जाये, गूंगे केरी शर्करा बैठे ही मुस्काय। जैसे गूंगा शक्कर खाकर बैठा-बैठा मुस्करा सकता है पर स्वाद का बखान नहीं कर सकता, वैसे ही ऑनलाइन प्रेमी अकेले बैठे-बैठे मुस्कराते, रोते या सुन्न हुए जीवन जी रहे हैं। बटनों को दबाने से ही स्क्रीन पर मुलाकात होती है। गोया स्क्रीन ना हुई कि हूडा का कोई पार्क हो गया। ज़रा-सी एक बात पर दो ऑनलाइन प्रेमियों में हमेशा के लिये खार पैदा हो जाती है। एक ऑनलाइन लड़के ने अपनी ऑनलाइन प्रेमिका से पूछा-मेरी फिल्म में काम करोगी? बस तुम्हें नदी में जाकर खड़ा होना है। लड़की ने फिल्म का नाम पूछा तो जवाब मिला-गई भैंस पानी में। लड़की ने भी प्रेमी से पूछा-मेरी फिल्म में काम करोगे? बस तुम्हें घर जाना है, फिर वापस नदी किनारे आना है। लड़के ने फिल्म का नाम पूछा तो जवाब मिला-धोबी का कुत्ता, घर का ना घाट का।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# अनिद्रा और माइग्रेन की समस्या से चाहते हैं निजात, तो पीजिए हल्दी वाला दूध



आयुर्वेद चिकित्सा में हल्दी को रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला सबसे असरकार माना गया है। आयुर्वेद के अनुसार दूध के साथ हल्दी का सेवन करना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। बच्चों और बुजुर्गों को तो अक्सर हल्दी वाला दूध पीने की सलाह दी जाती है। बहुत सी ऐसी बीमारियां हैं जिनमें हल्दी वाला दूध रात को पीने से काफी आराम मिलता है। कहा जाता है जो व्यक्ति अनिद्रा का रोगी हो और जिसके माइग्रेन की बीमारी हो उसे हल्दी वाला दूध अवश्य पीना चाहिए।

आइए डालते हैं एक नजर हल्दी वाले दूध के उन फायदों पर-

माइग्रेन व अनिद्रा में मिलता है हल्दी दूध से आराम

अगर आपको माइग्रेन की शिकायत है तो रोज रात को सोने से पहले एक गिलास गर्म दूध में हल्दी डालकर पीने की आदत डाल लें। माइग्रेन की परेशानी में दूध हल्दी पीने से बहुत लाभ मिलता है। इससे अच्छी नींद भी आती है। आपकी नींद पूरी नहीं हो पा रही है। रात को अक्सर आपकी नींद टूट जाती है और फिर देर तक नहीं आती है तो हल्दी वाला दूध पीकर सोना शुरू कर दें। गर्म दूध में हल्दी डालकर पीने से नींद नहीं आने की शिकायत दूर होती है।

गैस की परेशानी से भी मिलती है राहत

गैस और कब्ज की परेशानी में भी हल्दी दूध पीने से आराम मिलता है। दूध नॉर्मल टेम्प्रेचर का होना चाहिए ज्यादा गर्म नहीं। रोज रात को हल्दी वाले दूध में 2-3 दाने चीनी या मिश्री के डालकर सोएं। कुछ ही दिनों में कब्ज और गैस की परेशानी से राहत मिल जाएगी।

बढ़ती है बच्चों की इम्युनिटी

हल्दी को इम्युनिटी बढ़ाने के लिए बहुत गुणकारी माना जाता है। बच्चों को अक्सर ही मौसम बदलने पर सर्दी-खांसी जैसी परेशानी हो जाती है। रात में सोने से पहले बच्चों को हल्दी वाला दूध पिलाएं, इससे बदलते मौसम में भी उनकी इम्युनिटी मजबूत होती है।

चोट पर है असरकारक

बच्चों को खेलने-कूदने में अक्सर चोट लग जाती है या बहुत थक जाने पर पैरों में, शरीर में दर्द होता है। रात को सोते समय बच्चों को हल्दी वाला दूध पीना चाहिए। इससे चोटों से आराम मिलता है। हल्दी में रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है और इसका सेवन सबके लिए ही फायदेमंद है।

# घरेलू टिप्स से पाएं खूबसूरत बैक

डीप बैक कट के कपडे आजकल फिर से फैशन में वापस आ गए हैं। आप देख सकते हैं कि कई सेलेब्रिटीज भी डीप कट के गाउन पहने नजर आ जाती हैं। उनकी साफ और दाग-धब्बे रहित पीठ देख कर आप भी उनकी तरह पीठ होने की चाह रखती होगी। यदि आपकी पीठ पर एक्ने, रैश या धब्बे पडे हैं तो आपको उनकी चिंता अभी से ही करनी शुरू कर देनी चाहिये। तो आइए जानते हैं यह टिप्स जिनसे आप अपनी बैक को साफ और सुंदर बना सकती हैं।

स्क्रब- त्वचा को गंदगी और डेड स्कीन से मुक्ती दिलाने के लिये स्क्रब करना बहुत जरूरी है। आप चाहें तो लूफा का प्रयोग कर सकते हैं, इससे ब्लड सर्कुलेशन भी बढता है।

डार्क स्पॉट को छुपाए- यदि आपकी पीठ पर दाग-धब्बे पडे हुए हैं तो उसको छुपाने के लिये कंसीलर का प्रयोग करें। इसके लिये आपको मेडिकेटेड कंसीलर का प्रयोग करना चाहिये जिससे पिंपल छुप भी जाए और उसी समय वह ठीक भी हो जाए।

तेल मसाज- हर दूसरे दिन आपको अपने पीठ की मसाज करनी चाहिये। सुगंधित तेल जैसे, बादाम, जैतून या लेवेंडर का प्रयोग करें। इन तलों से अपनी पीठ को नमी भी पहुंचा सकते हैं और चमकदार भी बना सकते हैं।

तेल मसाज- हर दूसरे दिन आपको अपने पीठ की मसाज करनी चाहिये। सुगंधित तेल जैसे, बादाम, जैतून या लेवेंडर का प्रयोग करें। इन तलों से अपनी पीठ को नमी भी पहुंचा सकते हैं और चमकदार भी बना सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य - 60

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 59 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |



# महिला के संघर्ष को बखूबी बयां करती हैं अवॉर्ड विनिंग क्लासिक फिल्म ढाई आखर

निर्देशक प्रवीन अरोड़ा की फिल्म 'ढाई आखर' एक क्लासिक लव स्टोरी है, जो एक महिला की अपनी पहचान ढूंढने की कोशिश में किए गए संघर्ष को बखूबी बयान करती है. हिन्दी के वरिष्ठ लेखक अमरीक सिंह दीप के उपन्यास तीर्थाटन के बाद पर आधारित फिल्म ढाई आखर हर्षिता नाम की एक ऐसी महिला की कहानी है, जो वर्षों तक घरेलू हिंसा और अपमानजनक वैवाहिक जीवन का शिकार रही. इसके बाद वो चिट्ठियों के जरिए से एक मशहूर लेखक श्रीधर के करीब आती है, लेकिन विधवा होने के कारण उसका ये प्रेम संबंध पुरुष प्रधान समाज और परिवार को स्वीकार नहीं होता.

क्या हर्षिता इससे जुड़ी चुनौतियों का सामना कर पाएगी? श्रीधर के साथ उसके रिश्ते के प्रति परिवार की नफरत का अंत क्या होगा? क्या दोनों का प्यार परवान चढ़ेगा? इन सभी सवालों का भावनात्मक जवाब खोजने की कोशिश है फिल्म ढाई आखर..

फिल्म के निर्देशक प्रवीन अरोड़ा ने इसको लेकर बात करते हुए कहा कि फिल्म ढाई आखर एक प्रेम गीत है. प्रेम किसी के जीवन को बदलने की ताकत रखता है. हिन्दी और मराठी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री मृणाल कुलकर्णी इस फिल्म में हर्षिता के लीड रोल में नजर आएंगी.

जानेमाने अभिनेता हरीश खन्ना और प्रसिद्ध मराठी अभिनेता रोहित कोकाटे ने भी अहम किरदार निभाए हैं. लेखक असगर वजाहत ने इस फिल्म की पटकथा और संवाद लिखे हैं. वहीं फिल्म के एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर ब्रज मोहन हैं. फिल्म की शानदार टीम में गीतकार इरशाद कामिल, हिन्दी और बंगाली संगीत निर्देशक अनुपम रॉय और गायिका कविता सेठ शामिल हैं.

बता दें कि इस फिल्म की शूटिंग उत्तराखंड की खूबसूरत लोकेशंस पर की गई है. कबीर कम्यूनिकेशन्स, आकृति प्रोडक्शंस और एस के जैन जमाई के बैनर तले बनी इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर, प्रतिष्ठित आईएफएफआई गोवा में पिछले सा हुआ, जिसमें इस फिल्म को दर्शकों, आलोचकों और फिल्म इंडस्ट्री की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली. चेन्नई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2023 और देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 में भी इस फिल्म की आधिकारिक स्क्रीनिंग हो चुकी है. इसके अलावा कंबोडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 में इस फिल्म को स्पेशल जूरी अवार्ड से सम्मानित किया गया. इसके साथ ही ताशकंद इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 के लिए भी ये फिल्म चयनित हुई है.

# ये काली काली आंखें सीजन 2 ने प्यार की ताकत का पढ़ाया पाठ: श्वेता त्रिपाठी

अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने कहा कि ये काली काली आंखें सीजन 2 की कहानी ने उन्हें सिखाया है कि प्यार में आपको बदलने की ताकत होती है। ये काली काली आंखें सीजन 2 फिल्म में श्वेता त्रिपाठी, शिखा के रूप में अपनी भूमिका निभा रही है। वह अपने किरदार की यात्रा और भूमिकाओं को लेकर अपनी सोच पर खुलकर बात करती दिखीं। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, यह शो वास्तव में सवाल पूछता है, आप प्यार के लिए कितनी दूर तक जा सकते हैं यही वह यात्रा है जिस पर शिखा इस सीजन में खुद को पाती है, और मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जो दर्शकों को शो की गहराई के साथ जोड़ेगा। इस सीजन में दर्शकों को मेरे किरदार का एक और कमजोर पक्ष दिखाई देगा। श्वेता ने कहा, शिखा की दुनिया तब बिखर जाती है जब उसका सच्चा प्यार विक्रांत पूर्वा से शादी कर लेता है, जिससे वह खोई हुई और निराश महसूस करती है। स्वभाव से डरपोक उनका किरदार दूसरों को नुकसान पहुंचाने से बचता है। इस सीजन में शिखा का एक नया पक्ष सामने आता है क्योंकि वह विक्रांत के साथ अपने प्यार के लिए लडने् का फैसला करती है। इस सीजन में श्वेता का किरदार रोमांस से आगे बढक़र दर्शकों को प्रेम, त्याग और व्यक्तिगत सीमाओं के बारे में प्रेरित करता नजर आएगा। मिर्जापुर स्टार ने बताया कि उन्होंने अपनी पिछली भूमिकाओं में क्रोध और बदले की भावना को दिखाया है, लेकिन इस कहानी ने उन्हें यह दिखाने का मौका दिया गया कि कैसे प्यार आपको बदल सकता है और कभी-कभी आप उसमें पूरी तरह खो भी जाते हैं। सिद्धार्थ सेनगुप्ता द्वारा लिखित और निर्देशित ये काली काली आंखें सीजन 2 में ताहिर राज भसीन, आंचल सिंह और गुरमीत चौधरी भी हैं।



# खूबसूरत साड़ी पहन प्रज्ञा जैसवाल ने शेयर की किलर तस्वीरें, मदमस्त अदाएं दिखाती नजर आईं एक्ट्रेस

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर कर अक्सर फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टा पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक से इंटरनेट पर कहर बरपा दिया है।

साउथ और बी-टाउन की जानी-मानी एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस के कारण सोशल मीडिया का तापमान बढ़ाए हुए रहती हैं।

उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक में फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वो काफी सुंदर नजर आ रही हैं।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने रेड कलर की साड़ी और साथ ही स्लीवलेस डिजाइनर ब्लाउज पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही शानदार दिखाई दे रही हैं।

खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

प्रज्ञा जैसवाल की इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कैमरे के सामने अपनी हुस्न की बेबाक अदाएं दिखाकर फैंस के दिलों पर बखूबी तरीके से खंजर चला रही हैं।



बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। उनका हर एक लुक फैंस के बीच आते ही ट्रेंड करने लगता है।

# मोनालिसा ने अपनी बर्थडे पार्टी पर लगाया ग्लैमर का तड़का




भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा ने पिछले माह अपना 42वां बर्थडे मनाया था। मोनालिसा ने अपने बर्थडे की कुछ फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। टीवी और भोजपुरी इंडस्ट्री की हॉट क्वीन मोनालिसा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी हॉटनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका रेड हॉट लुक देखकर लोगों के होश उड़ गए हैं। साथ ही लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। मोनालिसा की इन लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने रेड कलर की चमचमाती रिवीलींग शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढक़र एक पोज देते हुए इंटरनेट का तापमान बढ़ा रही हैं।

बालों की पोनीटेल बांधकर, कानों में इयररिंग्स, लाइट मेकअप और डार्क रेड शेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

मोनालिसा की यह फोटोज इंस्टाग्राम पर जैसे पोस्ट हुई वैसे ही कई सारे यूजर्स ने टू मच हॉट। यू लुक सो ब्यूटिफुल। लुकिंग ग्लैमरस, टू मच स्टनिंग, उफ्फ ये हॉटनेस लिख कर कॉमेंट्स करने शुरू कर दिए हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। इंडियन हो या फिर वेस्टर्न एक्ट्रेस का हर लुक फैंस के बीच आते ही ट्रेंड करने लगता है।

# मां भारती के वैभव के लिए सुभाष ने सर्वस्व् कर दिया न्योनछावर

त्रिभुवन कुमार सिन्हा

'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' के आह्वान के साथ भारत की स्वसतंत्रता के लिए आजाद हिंद फौज को अंग्रेजों के मुकाबले मजबूती से खड़ा करने वाले सुभाष चंद्र बोस ने मां भारती के वैभव के लिए अपना सर्वस्व न्योकछावर कर दिया। उन्होंनने परिवार छोड़ा, देश छोड़ा और यहां तक कि अपनी पत्नीत और दुधमुंही बच्ची् को ऑस्ट्रिया में छोड़कर जापान पहुंचे, जहां से उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ आजाद हिंद फौज का नेतृत्व किया। उन्हों ने देश के लिए इंडियन सिविल सर्विस (आईसीएस) जैसी नौकरी से भी त्योगपत्र दे दिया था।

नेताजी के नाम से प्रसिद्ध सुभाष चंद्र बोस का जन्मव 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कटक में हुआ था। उनके पिता का नाम जानकीनाथ बोस और मां का नाम प्रभावती बोस था। उनके पिता कटक के नामी वकील थे। सुभाष उनकी नौवीं संतान थे। जानकीनाथ बोस के कुल आठ पुत्र और छह पुत्रियां थीं। सुभाष बचपन से ही मेधावी थे। उन्हों ने वर्ष 1920 में न केवल आईसीएस परीक्षा पास की, बल्कि उन्हें मेधा सूची में चौथा स्थोन भी प्राप्तं हुआ था। लेकिन, उनके मन-मस्तिष्का पर स्वा मी विवेकानंद और महर्षि अरविंदो घोष का काफी प्रभाव था और इस कारण आईसीएस की नौकरी को वे अंग्रेजों की गुलामी मानते थे। उन्हों ने 22 अप्रैल 1921 को आईसीएस से इस्तीएफा दे दिया।

मुंबई में गांधी जी से मिले

कविवर रवींद्र नाथ ठाकुर की सलाह पर वे मुंबई में 20 जुलाई 1921 को महात्मा गांधी से मिले। गांधी जी ने उन्हें कोलकाता जाकर देशबंधु चितरंजन दास से मिलने को कहा। इसके बाद वे कोलकाता आकर चितरंजन दास से मिले। सुभाष ने इसके बाद कांग्रेस पार्टी से जुड़े कई संगठनों में काम किया और अपनी प्रखर प्रतिभा का परिचय दिया।

कांग्रेस अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

सुभाष चंद्र बोस कांग्रेस अध्येक्ष पद के लिए वर्ष 1938 में चुने गए थे। लेकिन, विचारों और काम करने की शैली में असमानता के कारण गांधी जी उनकी कई बातों से सहमत नहीं हुए। इसलिए जब 1939 में नया कांग्रेस अध्यनक्ष चुनने का समय आया, तो गांधी जी ने पट्टाभि सीतारमैया को अध्यमक्ष पद के लिए चुना। इस स्थिति में वर्षों बाद कांग्रेस में अध्याक्ष पद के लिए चुनाव हुआ और गांधी जी के समर्थन के बावजूद सीतारमैया 203 मतों से सुभाष से हार गए। इसे गांधी जी ने अपनी हार बताई। इसके बाद कांग्रेस कार्यकारिणी के 14 में से 12 सदस्योंज ने इस्तीाफा दे दिया। 1939 में त्रिपुरी कांग्रेस अधिवेशन के दौरान बीमार चल रहे सुभाष चंद्र बोस ने काफी कोशिश की कि व्य वस्थान बरकरार रहे, लेकिन किसी ने उनका साथ नहीं दिया। इसके बाद सुभाष ने 29 अप्रैल 1939 को कांग्रेस के अध्येक्ष पद से इस्तीकफा दे दिया।

फॉरवर्ड ब्लॉसक की स्था पना की

सुभाष चंद्र बोस ने 3 मई 1939 को कांग्रेस पार्टी में रहते हुए ही फॉरवर्ड ब्लॉ क नाम से अपनी पार्टी की स्थापना की। कुछ दिनों के बाद कांग्रेस ने सुभाष को पार्टी से निकाल दिया। इसके बाद फॉरवर्ड ब्लॉ क पूरी तरह स्व तंत्र पार्टी बन गई। जुलाई 1940 में सुभाष की यूथ ब्रिगेड ने गुलामी के प्रतीक कोलकाता स्थित हॉलवेट स्तॉभ को गिरा दिया। इसके बाद अंग्रेज सरकार ने सुभाष चंद्र बोस सहित फॉरवर्ड ब्लॉमक के कई नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। बाद में जेल में आमरण अनशन पर बैठे सुभाष को जेल से रिहा कर नजरबंद कर दिया।

नजरबंदी में भाग निकले और बर्लिन पहुंचे

सुभाष चंद्र बोस 16 जनवरी 1941 को पुलिस को चकमा देते हुए एक पठान के वेश में कोलकाता स्थित घर से निकल गए। इसके बाद गोमोह (तत्कोलीन बिहार, अब झारखंड) से ट्रेन पकड़ कर पेशावर पहुंच गए। वहां से अफगानिस्तािन की राजधानी काबुल पहुंचे, जहां से इतालवी व्यएक्ति ऑरलैंडो मैजोंटा बनकर मास्को होते हुए जमर्नी की राजधानी बर्लिन पहुंच गए। उन्होंने बर्लिन में आजाद हिंद रेडियो की स्थाकपना की। उन्हों ने 29 मई 1942 को जर्मनी के सर्वोच्च। नेता एडोल्फ हिटलर से भी मुलाकात की। लेकिन, हिटलर ने सुभाष को सहायता का कोई स्पपष्टी वचन नहीं दिया।

सुभाष चंद्र बोस ने वर्ष 1942 में ऑस्ट्रिया के बॉड गॉस्टिन नामक जगह पर एमिली शेंकेल से हिंदू रीति-रिवाज से विवाह किया। वियेना में एमिली ने एक पुत्री को जन्मि दिया, जिसका नाम सुभाष ने अनिता बोस रखा। नेताजी सुभाष चंद्र बोस अपने साथी आबिद हसन के साथ जर्मनी के कील बंदरगाह से 8 मार्च 1943 को एक पनडुब्बीथ में बैठकर पूर्वी एशिया की ओर चल पड़े। जर्मनी की पनडुब्बी उन्हेंह मेडागास्कार के किनारे तक लेकर गई। वहां से दोनों समुद्र में तैरकर जापानी पनडुब्बीप में पहुंचे, जो दोनों को इंडोनेशिया के पादांग बंदरगाह तक ले गई।

रासबिहारी ने दी स्वदतंत्रता परिषद की कमान

सुभाष चंद्र बोस सबसे पहले क्रांतिकारी रासबिहारी बोस से मिले। सिंगापुर के एडवर्ड पार्क में रासबिहारी ने उन्हेंच स्वबतंत्रता परिषद की कमान सौंपी। 21 अक्टूबर 1943 को नेताजी ने सिंगापुर में आर्जी हुकूमते आजाद हिंद (स्वासधीन भारत की अंतरिम सरकार) का गठन किया। वे इस सरकार के राष्टरपति और प्रधानमंत्री दोनों थे। वे आजाद हिंद फौज के प्रधान सेनापति बने। उन्होंबने आजाद हिंद फौज में महिलाओं के लिए रानी झांसी रेजिमेंट भी बनाया। जापान के तत्कानलीन प्रधानमंत्री हिदेकी तोजो सुभाष चंद्र बोस के व्याक्तित्व से काफी प्रभावित थे। उन्होंजने ने नेताजी को सहयोग करने का आश्वोसन दिया। सुभाष चंद्र बोस ने जापान की संसद 'डायट' को संबोधित भी किया था। दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान आजाद हिंद फौज का अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के तीन द्वीपों पर कब्जाी भी हो गया था। लेकिन, इस विश्व युद्ध में जापान की हार से स्थिति बदल गई।

विमान दुर्घटना और मृत्यु का समाचार

द्वितीय विश्वायुद्ध में जापान की हार होने के बाद सुभाष चंद्र बोस ने रूस से सहायता लेने के संबंध में उससे बात करने की सोची। वे 18 अगस्तक 1945 को विमान से मंचूरिया जा रहे थे, लेकिन वे गंतव्यव पर नहीं पहुंचे। वे लापता हो गए थे। इसके बाद वे किसी को नहीं दिखाई दिए। 23 अगस्तं 1945 को टोक्यो रेडियो की ओर से सूचना दी गई कि ताईहोकू हवाई अड्डे के पास नेताजी का विमान दुर्घटनाग्रस्तत हो गया था, जिसमें वे गंभीर रूप से जल गए थे और ताईहोकू सैनिक अस्प ताल में उनकी मृत्यूर हा गई। लेकिन, बहुत से भारतीयों ने इस पर विश्वा स नहीं किया।

स्वनतंत्र भारत में इसकी जांच के लिए दो बार 1956 और 1977 में आयोग का गठन किया गया। दोनों बार यही निर्ष्क निकला कि उस विमान दुर्घटना में सुभाष चंद्र बोस मारे गए थे। मनोज कुमार मुखर्जी के नेतृत्वी में 1999 में तीसरा आयोग बना।

इधर, 2005 में ताइवान की सरकार ने मुखर्जी आयोग को कहा कि 1945 में उसकी जमीन पर कोई विमान दुर्घटनाग्रस्ता नहीं हुआ था। मुखर्जी आयोग ने 2005 में सरकार को रिपोर्ट सौंपी कि बताई गई विमान दुर्घटना में सुभाष चंद्र बोस की मृत्यु का कोई प्रमाण नहीं मिला है। लेकिन, सरकार ने मुखर्जी आयोग की रिपोर्ट को अस्वीेकार कर दिया। इस कारण नेताजी के अंतिम दिनों की बात एक अनुत्तरित प्रश्नो बन गया है।

## सू- दोकू क्र. 60

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.59 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# जिला पंचायत अध्यक्षों को प्रशासक बनाने पर पंचायत संगठन नाराज

कार्यालय संवाददाता

पिथौरागढ़। उत्तराखंड त्रिस्तरीय पंचायत संगठन ने त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था में केवल जिला पंचायत अध्यक्षों को प्रशासक बनाए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्ति की। उन्होंने सरकार पर विश्वास घात का आरोप लगाया। कहा कि सरकार और कुछ लोगों के बीच खेला हुआ है। जिसे उत्तराखंड की आम जनता के बीच ले जाया जाएगा। 1 दिसंबर को उत्तराखंड के 12 जनपदों के विकासखंड तथा जिला मुख्यालय में मुख्यमंत्री तथा पंचायती राज मंत्री का पुतला जलाया जाएगा। 4 दिसंबर को देहरादून में तीनों पंचायतों की बैठक बुलाई गई है। जिसमें आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

उत्तराखंड में 12 जनपदों में त्रिस्तरीय पंचायत का कार्यकाल बढ़ाए जाने की मांग लगातार की जा रही थी। सरकार द्वारा ग्राम पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत में प्रशासक नियुक्त कर दिए गए है।

जिला पंचायत में प्रशासक नियुक्त किए जाने पर सरकार देरी कर रही थी। संगठन ने पहले ही शंका व्यक्त कर दी की थी। जिला पंचायत अध्यक्षों तथा सरकार के मध्य कुछ गोपनीय वार्ता चल रही थी। आज देर सायं सरकार द्वारा 12 जनपदों में जिला पंचायत अध्यक्षों को प्रशासक बनाए जाने का पत्र आ जाने के बाद उत्तराखंड के पंचायत संगठन में उबाल आ गया है।

संगठन के राज्य संयोजक जगत मर्तोलिया ने कहा कि राज्य सरकार ने ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत के साथ-साथ जिला पंचायत सदस्यों के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस धोखे का जवाब दिया जाएगा। हमारा संगठन ईट का जवाब पत्थर से देने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है कि जिला पंचायत के लिए अलग एक्ट है। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत के लिए एक एक्ट है।

उसके बावजूद भी सरकार ने अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला पंचायत अध्यक्षों को प्रशासक बनाया है। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत के सदस्यों को भी बैरंग कर दिया गया है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार ने 12 जनपदों के 70 हजार सदस्यों में से मात्र 12 सदस्यों को लाभ देकर जो राजनीतिक अपराध किया है। उसकी सजा भी जनता उन्हें देगी।

उन्होंने कहा कि संगठन अपने मान सम्मान के लिए हर कुर्बानी देने को तैयार है। इसीलिए 4 दिसंबर को देहरादून कूच का आवाहन किया गया है। उन्होंने कहा कि तीनों पंचायतों के लिए एक पंचायत एक्ट है।इसलिए सरकार को तत्काल पूर्व में ग्राम पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत के लिए की गई प्रशासकों की व्यवस्था में बदलाव लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को अनुच्छेद 213 का सहारा लेकर अध्यादेश लाकर प्रशासनिक समिति के माध्यम से ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत में ग्राम प्रध ान, क्षेत्र प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्षों के अलावा तीनों पंचायतों सदस्यों को भी इस बढ़ोत्तरी में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2001 में उत्तराखंड की सरकार ने प्रशासनिक समिति के फार्मूले को अपनाया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपने मान सम्मान के लिए उत्तराखंड में पंचायत की सदस्य लंबी लड़ाई का मन बना चुके है।

## खुखरी के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने खुखरी के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डालनवाला कोतवाली पुलिस ने गुरूनानक गर्ल्स कालेज के गेट के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से खुखरी बरमद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम खालिद पुत्र अब्दुल हकीम निवासी अधोईवाला बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।



# करोड़ों रुपए की लागत से डाकपत्थर में बना संयुक्त चिकित्सालय बना शोपीस

कार्यालय संवाददाता

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने मोर्चा टीम के साथ डाकपत्थर संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण कर महीनों पूर्व बनकर तैयार धूल फांक रहे चिकित्सालय की दुर्दशा पर जिम्मेदारों को कोसा।

नेगी ने कहा कि लगभग 13 करोड़ की लागत से वर्ष 2021 में स्वीकृत 50 बेड का संयुक्त चिकित्सालय महीनों पहले उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम द्वारा बनाकर तैयार किया जा चुका है, जिसमें भारी



वित्तीय अनियमितताएं हुई हैं, लेकिन आज तक उक्त चिकित्सालय को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग को हस्तगत करने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिस कारण जनता की गाढ़ी कमाई बर्बाद होने के कगार पर है। आलम यह है कि विकासनगर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत अधिकांश मामलों में सिर्फ ठेकेदारी की कमाई हड़पने के उद्देश्य से बिल्डिंग्स/ पुल इत्यादि तैयार हो रहे हैं, लेकिन आमजन के लिए कैसे सुविधा मिले, इसके लिए जिम्मेदार तैयार नहीं हैं । अगर हॉस्पिटल में स्वास्थ्य सेवाएं शुरू हो जातीं तो निश्चित तौर पर उप जिला चिकित्सालय, विकासनगर के मरीजों को भी राहत मिलती एवं डाकपत्थर व आसपास के क्षेत्र के लोगों को भी सुविधा होती । मोर्चा शीघ्र ही चिकित्सालय को हस्तगत कराने के लिए शासन में दस्तक देगा, जिससे जनता को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

**❑लगभग 13 करोड़ की लागत से है बना है चिकित्सालय**

**❑50 बेड का चिकित्सालय महीनों से फांक रहा धूलः नेगी**

इस अवसर पर मोर्चा टीम में महासचिव आकाश पंवार, दिलबाग सिंह, प्रवीण शर्मा पिन्नी, अतुल हांडा व प्रमोद शर्मा आदि मौजूद थे।

## मकान का ताला तोड जेवरात व नगदी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मकान का ताला तोड वहां से जेवरात व नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मीरा नगर आईडीपीएल निवासी रविन्द्र सिंह कैतुरा ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह परिवार के साथ दिन में बाजार गया था। जब वह वापस आया तो उसने देखा कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर उसके घर से नगदी व सोने चांदी के जेवरात चोरी करके ले गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## मारपीट कर लूटे 25 हजार रुपये

संवाददाता

देहरादून। मारपीट कर 25 हजार रूपये लूटने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नम्बरपुर जामन खाता निवासी नीरज कुमार ने सहसपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह घर की तरफ आ रहा था जब वह लांघा रोड ईट भटटे के पास पहुंचा तभी कुछ लोगों ने उसको रोककर उसके साथ मारपीट कर उससे 25 हजार रूपये लूट लिये और मौके से फरार हो गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# रेयर ट्रेजर्स द्वारा आयोजित दो दिवसीय दून वैली चित्रकला कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। राजपुर रोड स्थित रेयर ट्रेजर्स में दो दिवसीय दून वैली चित्रकला कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस विशेष आयोजन में देहरादून के 10 प्रतिष्ठित कलाकारों ने भाग लिया। रेयर ट्रेजर्स, जो पिछले छह महीनों से कला और संस्कृति का केंद्र बना हुआ है, ने इस कार्यशाला के माध्यम से कला के उत्थान में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। यह केंद्र अपनी अनमोल पुरानी मूर्तियों, चित्रों, हस्तकला, धातु कला, और सजावटी एंटीक वस्तुओं के संग्रह के लिए प्रसिद्ध है।




इस कार्यशाला में विभिन्न कला शैलियों और विधाओं का प्रदर्शन किया गया। वरिष्ठ कलाकार चंद्र बी. रसैली ने अपनी कलाकृति में देहरादून के शहरी परिदृश्य को जीवंत किया। प्रतिष्ठित कलाकार जाकिर हुसैन ने सिटी लाइफ को अमूर्त शैली में चित्रित कर अपनी विशिष्ट कला शैली का परिचय दिया।

रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के विभागाध्यक्ष संतोष कुमार साहनी ने अपनी रचना में एल्युजन कला का उपयोग करते हुए रंगों के प्रकाश, और छाया का अद्भुत सामंजस्य प्रस्तुत किया। जिसमे पहाड़ो की रानी मसूरी को कैनवास पर जीवंत मूर्त रूप में उकेरे,

देवभूमि उत्तराखंड विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. मंतोष यादव ने उत्तराखंड के प्राकृतिक सौंदर्य को रंगों के माध्यम से कैनवास पर उकेरकर दर्शकों को आकर्षित किया।

महिला कलाकार कहकशां ने अपनी कलाकृति में भारतीय लोक चित्रकला, प्रकृति, और पशु-पक्षियों का अद्भुत समागम प्रस्तुत किया। युवा कलाकार राहुल, जो ए-शोल कला संस्थान के संयोजक हैं, ने अपनी रचना सत्यम् शिवम् सुंदरम् के माध्यम से आध्यात्मिकता को मूर्त रूप दिया।

देहरादून की मुक्ता जोशी ने उत्तराखंड के लैंडस्केप को अमूर्त शैली में चित्रित किया। वहीं, रितेश शर्मा ने अपनी कलाकृति में प्राकृतिक दृश्यों को यथार्थ रूप में प्रस्तुत किया। देवभूमि उत्तराखंड विश्वविद्यालय के छात्र आदित्य पुंडीर ने अपनी अमूर्त रचना में महिला को सृजन की देवी के रूप में चित्रित कर दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की संयोजिका गिन्नी वासुदेव ने अपने संबोधन में भारतीय कला और संस्कृति के उत्थान की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने इसे हमारी अमूल्य धरोहर बताया जिसे प्रत्येक घर में संजोने की आवश्यकता है। सह-संयोजक राजेश वासुदेव (वासु) ने सभी कलाकारों को सम्मानित करते हुए उनके योगदान की सराहना की। इस कार्यशाला में हजारों दर्शक शामिल हुए और कलाकारों की रचनात्मकता की सराहना की। इस आयोजन ने न केवल स्थानीय कलाकारों को एक मंच प्रदान किया, बल्कि दर्शकों को कला के विविध रूपों से जोड़ने का कार्य भी किया। कार्यक्रम में कुन जुयाल, स्नेहा, और देव ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। दून वैली चित्रकला कार्यशाला ने देहरादून की कला संस्कृति को एक नई पहचान दी है। इस आयोजन ने कला और कलाकारों को प्रोत्साहन देकर कला के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह कार्यशाला कला प्रेमियों और कलाकारों के लिए एक प्रेरणादायक मंच साबित हुई है।

## तमंचे व कारतूस सहित कर रहे थे नशा तस्करी, गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। तमंचे व कारतूस सहित नशा तस्करी करने वाले दो शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास 6.28 ग्राम स्मैक व तस्करी में प्रयुक्त बाइक भी बरामद हुई है।

कलियर थानाध्यक्ष दिलवर सिंह नेगी ने बताया कि एसआई वीरेन्द्र सिह नेगी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इस बीच मेहवड पुल से एक मोटरसाइकिल पर दो युवक आते दिखाई दिए जिनको रोकने का प्रयास किया। दोनो युवक नहर कावड पटरी पर कलियर ओर तेजी से भागने लगे। जिनको पीछा कर कावड पटरी पर शराब के ठेके के पास रोक लिया गया। जिनकी तलाशी लेने पर उनके पास एक देशी तमंचा एक जिंदा कारतूस और 6.28 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम जुनैद पुत्र इसरार और अनस पुत्र सगीर निवासी मेहवड कला पिरान कलियर बताया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।



# आगामी चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं में जुटा प्रशासन

हमारे संवाददाता

चमोली। आगामी चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए तैयारियां शुरू हो गई है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने आज यात्रा व्यवस्थाओं से जुड़े समस्त अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि विगत यात्रा अनुभव एवं यात्राकाल की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए आगामी यात्रा को सुगम बनाने हेतु व्यवस्थाओं को सुदृढ किया जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए यात्रा व्यवस्थाओं को ठीक करने के लिए सभी संबंधित विभाग अपना प्रस्ताव दें। इसमें जिले स्तर से जो काम हो सकते है, उनको तत्काल शुरू किया जाए और जो बडे कार्य होने है उनका आंकलन किया जाये ताकि बड़े कार्यो के लिए शासन स्तर से स्वीकृति ली जा सके। जिलाधिकारी ने एनएचआईडीसीएल, बीआरओ, लोक निर्माण विभाग और पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बद्रीनाथ यात्रा मार्ग पर सिंकिंग एवं स्लाइड जोन पर ट्रीटमेंट कार्यो को यात्रा से पहले पूर्ण कराया जाए। कमेडा, नंदप्रयाग, पागल नाला के ट्रीटमेंट और मलवा निस्तारण कार्यो को प्राथमिकता पर ठीक करें।

यात्रा मार्ग पर सभी वैकल्पिक मार्गो का सुधारीकरण के साथ स्लाइड जोन को भी ठीक कराया जाए। कर्णप्रयाग-कालेश्वर, नंदप्रयाग-कोठियासैंण और चमोली-छिनका-पीपलकोटी वैकल्पिक मोटर मार्गो का सुधारीकरण एवं चौडीकरण किया जाए। गोपेश्वर-मंडल-चोपता मोटर मार्ग, कर्णप्रयाग-पोखरी और ग्वालदम-सिमली-कर्णप्रयाग मोटर मार्गो पर स्थित स्लाइड जोन, वोटलनेक प्वाइंट को ठीक कराने के साथ अतिक्रमण को हटाया जाए। गोपेश्वर नगर क्षेत्र में नालियों को ठीक करने के साथ जाली लगाकर सड़क को चौडा बनाया जाए। बद्रीनाथ में विद्युत के सब स्टेशन के लिए पांडुकेश्वर से बद्रीनाथ विद्युत लाइन बिछाने के लिए विद्युत विभाग को बीआरओ के साथ संयुक्त निरीक्षण कर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जल संस्थान को बद्रीनाथ में पेयजल व्यवस्था एवं सीवरेज सिस्टम को ठीक करने के लिए शीघ्र प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बद्रीनाथ में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ीकरण करने एवं माणा बस स्टेशन से माणा तक स्ट्रीट लाइट लगाने, शौचालय, पार्किंग की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। हेमकुंड यात्रा मार्ग पर सड़क के मोडों का चौडीकरण व सुधारीकरण करने, यात्रा मार्ग पर मोर्चरी की व्यवस्था करने को कहा। जिलाधिकारी ने सुलभ अधिकारियों को यात्रा मार्ग पर स्थित सभी शौचालयों का नियमित संचालन एवं साफ सफाई की उचित व्यवस्था रखने के निर्देश भी दिए।

## एक नजर

# उत्तराखंड के बहुआयामी पर्यटन और उपलब्धियों को अपने राष्ट्रव्यापी नेटवर्क में साझा करेगा पीआरएसआई

### ❑पीआरएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजीत पाठक ने सूचना महानिदेशक बंसीधर तिवारी से शिष्टाचार भेंट की

संवाददाता

देहरादून। पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इण्डिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजीत पाठक ने सूचना महानिदेशक बंसीधर तिवारी से शिष्टाचार भेंट कर नेशनल कॉन्फ्रेंस के लिए आमंत्रित किया।

आज यहां पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजीत पाठक ने सूचना महानिदेशक बंसीधर तिवारी से शिष्टाचार भेंट कर पीआरएसआई के रायपुर, छत्तीसगढ़ में होने जा रहे नेशनल कॉन्फ्रेंस के लिए आमंत्रित किया। दोनों के बीच उत्तराखंड के 25 वें वर्ष रजत जयंती वर्ष में लोक संपर्क और संचार की भूमिका पर चर्चा की गई। पाठक ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड के प्रति प्रत्येक देशवासी के मन में अगाध श्रद्धा है। पिछले कुछ वर्षों में उत्तराखंड की प्रगति सराहनीय है। सतत विकास लक्ष्यों में नीति आयोग द्वारा जारी रैंकिंग में उत्तराखंड प्रथम स्थान पर रहा है। सीएम पुष्कर सिंह धामी द्वारा नकल विरोधी कानून और यूसीसी पर लिए गए निर्णय अन्य राज्यों के लिए उदाहरण बने हैं। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में विरासत के संरक्षण और विकास, दोनों ही पहलुओं पर उत्कृष्ट काम हो रहे हैं। सूचना महानिदेशक तिवारी ने इस बात पर जोर दिया कि उत्तराखंड की प्रगति और यहां पर्यटन के विविध आयामों की जानकारी देश भर में जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसमें पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। पाठक ने उत्तराखंड की प्रगति की सराहना की और पीआरएसआई के व्यापक अखिल भारतीय नेटवर्क के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने राज्य की उपलब्धियों, निवेश और पर्यटन की जानकारी का प्रचार प्रसार देश भर में करने में एक सेतु के रूप में पीआरएसआई का उपयोग करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर पीआरएसआई देहरादून चैप्टर के अध्यक्ष रवि बिजारनिया और सचिव अनिल सती भी मौजूद थे।



### राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के पदक...

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

खेल संस्कृति विकसित करने में मदद मिल रही है। साथ ही खेल महाकुंभ युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ ही अनुशासन और टीम वर्क की भावना विकसित करने में भी योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत वर्ष खेल महाकुंभ में सवा तीन लाख से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था, इस बार का आयोजन इस रिकॉर्ड को तोड़ने का काम करेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस बार के खेल महाकुंभ में विभिन्न स्तर के विजेता खिलाड़ियों को डीबीटी के माध्यम से 11 करोड़ रुपए से अधिक की पुरस्कार राशि वितरित की जाएगी। इसलिए खिलाड़ी आगे आकर अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए खेल अवस्थापना जुटाने के लिए सरकार नए खेल मैदान, स्टेडियम बनाने के साथ ही जिम और ट्रैक भी बनवा रही है। अब सरकार खेल विश्वविद्यालय बनाने का भी निर्णय ले चुकी है, शीघ्र ही इसका शिलान्यास करते हुए कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड को राष्ट्रीय और शीतकालीन खेलों की मेजबानी मिली है, इसके लिए आधारभूत सुविधाएं जुटाने का काम पूरा कर लिया गया है। राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए, प्रदेश सरकार पदक विजेता खिलाड़ियों को, उनकी पुरस्कार राशि के बराबर अतिरिक्त धनराशि प्रदान करेगी। इसलिए प्रदेश के खिलाड़ी मेहनत करते हुए राष्ट्रीय खेलों में अपना और अपने प्रदेश का नाम रौशन करने का काम करें। खेल मंत्री श्रीमती रेखा आर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने खेल और खिलाडियों के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है। नौकरियों में खेल आरक्षण से लेकर, खेल विश्वविद्यालय और गर्ल्स स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना के निर्णय लिए गए हैं। इस अवसर पर रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, खेल निदेशक प्रशांत आर्य उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने अक्षय पात्र रसोई का निरीक्षण कर रसोई में खाना बनाने की प्रक्रिया परखी

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने सुदोवाला अवस्थित अक्षय पात्र रसोई का निरीक्षण कर, रसोई में खाना बनाए जाने की प्रक्रिया परखी। इस दौरान जिलाधिकारी ने पकाया जा रहे खाने को भी चखा, उन्होंने अक्षय पात्र रसोई के संचालकों को निर्देश दिए की खाना बच्चों के अनुकूल बनाएं ताकि बच्चे आसानी से खाना खा पाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने अक्षय पात्र रसोई में खाना बनाये जाने की प्रक्रिया देखी तथा सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने रसोई में इस्तेमाल किए जाने हेतु रखे अनाज भी देखा। उन्होंने निर्देशित किया कि स्कूलों में भेजे जाने वाले बर्तन साफ सुथरे तथा स्टील के हों यह सुनिश्चित कर लिया जाए।ज्ञातव्य है कि अक्षय पात्र रसोई से आसपास के क्षेत्र में लगभग 350 स्कूलों में यहां का खाना बच्चों हेतु जाता है, अभिभावकों एवं शिक्षकों द्वारा खाना तीखा होने के कारण बच्चे खाना ठीक से नहीं खा पा रहे हैं, इसको लेकर कुछ शिकायतें प्राप्त हुई थी, जिसके क्रम में जिलाधिकारी द्वारा यहां का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखते हुए आवश्यक निर्देश अक्षय पात्र रसोई के संचालकों को दिए।



जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चे समाज के सूद हैं पौष्टिक भोजन मिलना उनका मौलिक अधिकार है। जिलाधिकारी ने कहा संस्था अगली पेमेंट से पहले अभिभावकों एवं अध्यापकों से अपने भोजन की रेटिंग प्राप्त कर ले, उन्होंने संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया की प्लास्टिक के सभी कंटेनर्स बदल दिए जाएं उनके स्थान पर स्टील के कंटेनर्स को शामिल करें। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी विकासनगर को रसोई के खाने की सैंपलिंग करने के भी निर्देश दिए, जिस पर जिलाधिकारी के समक्ष भोजन की सैंपलिंग की गई। डीएम ने एसडीएम विकासनगर को निर्देश दिए कि सभी 350 स्कूलों में अभिभावकों के साथ इस संस्था की संयुक्त संवाद कायम करवाएं। कहां सुझाव एवं अनुश्रवण का प्रथम हक बच्चों और उनके अभिभावकों का। डीएम बोले आपकी संस्था का उच्च नाम है, नाम के अनुरूप उच्च कोटि के कार्यों की संस्था से अपेक्षा है।निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी विकासनगर विनोद कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी रेनू राठौर सहित संबंधित अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे।

## एसएसपी की दो टूक, मुकदमों की पैरवी में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त



संवाददाता

देहरादून। एसएसपी अजय सिंह कहा कि मुकदमों की पैरवी में लापरवाही नही बर्दाश्त होगी और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी।

आज यहां एसएसपी अजय सिंह द्वारा देहरादून के विभिन्न न्यायालयो में नियुक्त कोर्ट पैरोकारों की मीटिंग ली गयी। मीटिंग के दौरान एसएसपी देहरादून द्वारा सभी पैरोकारों के कॉज रजिस्टर चौक किये गए। इस दौरान एसएसपी द्वारा सभी कोर्ट पैरोकारों को न्यायालय में विचाराधीन मुकदमों में सभी गवाहों के समय से न्यायालय के समक्ष बयान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए, जिससे विचाराधीन मुकदमों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जा सके। साथ ही उपस्थित सभी कर्मचारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि कार्य के प्रति लापरवाही अथवा शिथिलता बरतने संबंधित किसी भी शिकायत को नजर अंदाज नहीं किया जायेगा, ऐसे कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जायेगी

**लापरवाही बरतने वालो के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की दी चेतावनी**

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

हमारे संवाददाता

देहरादून। नाबालिग से दुष्कर्म मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार बीते 29 नवम्बर को रायपुर निवासी एक व्यक्ति ने थाना रायपुर पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि कपिल कुमार नाम के लडके द्वारा उनकी नाबालिग बहन उम्र 13 वर्ष को अपने कमरे में बन्द कर उसके साथ गलत हरकत की है। तहरीर पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। साथ ही पीड़िता के बयान के आधार पर पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी की खोजबीन में जुटी पुलिस ने देर रात एक सूचना के आधार पर आरोपी कपिल कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



## चाकुओं के साथ दो लोग गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। वारदात की फिराक में घूम रहे दो बदमाशो को पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो चाकुओं सहित गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार बीती रात कोतवाली ज्वालापुर पुलिस गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस को अलग-अलग स्थानों पर दो संदिग्ध घूमते हुए दिखायी दिये। पुलिस ने जब उन्हे रोककर तलाशी ली तो उनके पास से दो चाकू बरामद हुए। पूछताछ में उन्होने अपना नाम जमशेद सलीम निवासी छोटी एकड थाना पथरी जनपद हरिद्वार व अरमान उर्फ उला पुत्र मुस्तफा निवासी मोहल्ला कास्सावान कोतवाली ज्वालापुर जनपद हरिद्वार बताया। पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*